बिहार सरकार

कार्यालय :– अनुमण्डल पदाधिकारी, बिक्रमगंज।

अल्पकालीन सूचना

बिहार महादलित विकास मिशन, बिहार, पटना के मार्गदर्शिका (पंचम चरण के अनुरूप) बिक्रमगंज अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत नासरीगंज प्रखण्ड के अमियावर पंचायत अन्तर्गत विकास मित्र के रिक्त पद पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में प्रत्येक कार्यदिवस को संबंधित प्रखण्ड नासरीगंज में जमा किया जा सकता है, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैं :–

क्र0 सं0	गतिविधि	अवधि
01	संबंधित प्रखण्ड में आवेदन पत्र प्राप्त करना	04.01.2025 से 16.01.2025
02	मेघा सूची तैयार करना एवं प्रकाशन करना	18.01.2025 से 20.01.2025
03	मेघा सूची पर आपत्ति प्राप्त करना	21.01.2025 से 22.01.2025
04	मेघा सूची पर आपत्ति का निराकरण	23.01.2025 से 25.01.2025
05	चयन सूची का प्रकाशन	27.01.2025
06	नियोजन पत्र वितरण/शपथ ग्रहण उन्मुखीकरण	01.02.2025

- **रिक्तियों की विवरणी :–**

क्र0 सं0	ग्रामीण क्षेत्र	रिक्तियों की सं0	पंचायत का नाम	जाति बहुलता	कोटि आरक्षण
01	नासरीगंज प्रखण्ड	01	अमियावर	चमार	अन्य (महिला/पुरुष)

- **चयन हेतु अर्हत्ता :–**

1. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष होगी। मैट्रिक में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन मेघा सूची के अनुरूप किया जायेगा तथा समान मेघा अंक रहने पर ज्यादा उम्र रहने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। चयन में मैट्रिक या समकक्ष से उच्चतर योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए अतिरिक्त लाभ नहीं दिया जायेगा। मैट्रिक पास अभ्यर्थी नहीं मिलने पर नन मैट्रिक, नौवीं पास, आठवीं पास, सातवीं पास, छठी पास एवं पांचवी पास का नियोजन किया जा सकेगा।

2. महादलित आवेदक की उम्र दिनांक 01.01.2025 को न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 50 वर्ष होनी चाहिए।

3. जो पंचायत/नगर पंचायत (वार्ड समूह) जिस जाति के लिए आरक्षित है, उसी जाति कोटि के आवेदक (महिला/पुरुष) द्वारा विकास मित्र के पद पर चयन हेतु आवेदन किया जायेगा।

4. जिस वार्ड समूह (कलस्टर) (ग्रामीण) से विकास मित्र का चयन किया जाना है, वहीं के निवासी से आवेदन प्राप्त किया जायेगा एवं चयन किया जायेगा।

5. किसी भी परिस्थिति में विकास मित्र का चयन उसी रिक्ति के पंचायत से ही किया जायेगा तथा किसी भी परिस्थिति में पंचायत के बाहर के आवेदक का चयन नहीं किया जायेगा।

CamScanner

- **चयन प्रक्रिया :–**

1. आवेदन विहित प्रपत्र में होना चाहिए। विहित प्रपत्र नासरीगंज प्रखण्ड कार्यालय एवं आस–पास के फोटो स्टेट दुकान से प्राप्त किया जा सकता है।

2. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नासरीगंज का कार्यालय होगा।

3. **आवेदन के साथ आवश्यक अनुलग्नक :–**

(a) शैक्षणिक योग्यता संबंधित प्रमाण पत्र (अंक पत्र, विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र) की सत्यापित छायाप्रति। (राजपत्रित पदाधिकारी या किसी सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित होना चाहिए)

(b) जाति प्रमाण पत्र।

(c) निवास प्रमाण पत्र।

4. वार्ड कलस्टर में महादलित जाति की बहुलता पहले से निर्धारित है।

5. अनुमण्डल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा विकास मित्रों का चयन किया जायेगा।

28/12

अनुमण्डल पदाधिकारी,
बिक्रमगंज।
28/12/24